## संपादकीय

# नशे के खिलाफ कामयाबी

लगभग छह वर्षों बाद करोड़ों रुपये की सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी में लिप्त रैकेट की तहक़ीक़ात में सीबीआई को मिली सफलता आंखें खोलने वाली है। उसकी रिपोर्ट के आधार पर अर्जुन पुरस्कार विजेता पंजाब पुलिस में डीएसपी जगदीश भोला और उसके साथियों की सज़ा एक नहीं, तीन-तीन केसों में निर्धारित की गई। यह मामला सबसे पहले 2013 में चर्चा में आया। कहा गया कि इसमें कई बड़े राजनेता भी लिप्त हैं। नशीले पदार्थों का काला कारोबार 2014 के लोकसभा और 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना। मुख्य अपराधी भोला की अनर्गल बयानबाजी ने मामले को सुर्खियों में रखा। कई नेता सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की निगाहों में आए भी, परंतु नतीजा नहीं निकला।

भोला और अन्य अपराधियों को पकड़ना एक बड़ी सफलता है। फिर भी यह सफलता नशे के काले कारोबार का एक बहुत छोटा-सा हिस्सा है। दरअसल, रैकेट को चलाने वालों की ताकतवर लॉबी है जो इसे पर्दे के पीछे से संचालित कर रहे हैं। जांच एजेंसियों को अभी गहराई तक जाकर इस मुद्दे को सुलझाना होगा। आरोप हैं कि ऐसे रैकेट विदेश में बैठे लोगों के नियंत्रण में चल रहे हैं। अभी हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने राजस्व निदेशालय के इंटेलिजेंस विभाग को निर्देशित किया कि भारत और कनाडा के मध्य प्रत्यर्पण संधियों के आधार पर उन 3 व्यक्ति यों को गिरफ्तार कर भारत लाया जाए, जो 2010 के केस में फरार होकर कनाडा में रह रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि जो भी व्यक्ति एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराधी हैं और ड्रग के धंधे में संलिप्त रहे हैं, उन पर वापस लाकर मुकदमा चलाया जाए। इसके अलावा ड्रग्स के अन्य मुद्दों को भी प्रकाश में लाना चाहिए जो कि छोटे-मोटे स्तर पर गुप्त रूप में चल रहे हैं। तभी पंजाब में नशीले पदार्थों के कारोबार पर नियंत्रण किया जा सकता है और नशा मुक्त पंजाब की कल्पना की जा सकती है।

# आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व चीफ चंदा कोचर के खिलाफ सीबीआई का लुकआउट सर्कुलर जारी

**मुंबई (आरएनएस)।** सीबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन के मैनेजिंग डायरेक्टर वेणुगोपाल धूत के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। पिछले महीने जांच एजेंसी ने साल 2009 से 2011 के बीच वीडियोकॉन ग्रुप को बैंक से 1,875 करोड़ के छह लोन में कथित तौर पर भ्रष्टाचार के सिलसिले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद तीनों देश से बाहर नहीं जा सकेंगे।



एक अधिकारी ने बताया, 'सीबीआई के पिछले साल प्रीलिमनरी इंचायरी की रिपोर्ट फाइल करने के बाद दीपक कोचर और वेणुगोपाल धूत के खिलाफ सभी एयरपोर्ट को लुकआउट सर्कुलर की जानकारी दी गई थी। अब इसे फिर से रिवाइव किया गया है।' हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व चीफ के खिलाफ पहली बार एलओसी जारी किया गया है। सीबीआई की तरफ से 22 जनवरी को दर्ज एफआईआर में उनका नाम था, इसलिए उन्हें भी इसके दायरे में लाने का फैसला किया गया है।

इस खबर पर चंदा कोचर और धूत की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 'एफआईआर के बाद लुकआउट नोटिस फाइल किए गए थे। इस केस में जिस तरह के आर्थिक अपराध के आरोप लगे हैं, उनमें एलओसी किया जाना लाजिमी है।

# सरकार के इस नियम से आसानी से होगी असली व नकली दवा की पहचान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 100 में से 25 फीसदी नकली दवाइयां हैं। लेकिन आपको जान ये कर खुशी होगी कि फार्मास्यूटिकल विभाग ने सभी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने के निर्देश जारी किये है। जिससे असली और नकली दवाइयों की पहचान करना आसान होने जा रहा है।



फार्मास्यूटिकल विभाग के अनुसार सरकारी अस्पतालों, जन औषिधि स्टोर पर सप्लाई की जाने वाली दवाइयों पर 1 अप्रैल 2019 से क्यूआर कोड अनिवार्य होगा जबकि बाजार में बिकने वाले दवाइयों के लिए क्यूआर कोड 1 अप्रैल 2020 से लागू होगा।

दवा कंपनियों को दवाइयों पर क्यूआर कोड देना अनिवार्य होगा। इससे असली और नकली दवा की पहचान करने में आसानी होगी। 1 अप्रैल 2019 से नए नियम लागू होंगे। सरकारी अस्पतालों और जनऔषधि स्टोर पर बिकने वाली दवाओं पर नियम लागू होगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, जल्द पहुंच सकती है पांच हजार अरब डॉलर के स्तर पर : मोदी

**सियोल (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के निवेशकों को भारत में निवेश की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और यह जल्द ही पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मोदी यहां भारत-कोरिया व्यापार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत 'अवसरों की भूमि' है। मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर रेखांकित करते हुए कहा, ''दुनिया की कोई और बड़ी अर्थव्यवस्था इस समय साल दर साल सात प्रतिशत की वृद्धि दर से नहीं बढ़ रही है।''



प्रधानमंत्री ने कहा कि हुंदै, सैमसंग और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स समेत 600 से अधिक कोरियाई कंपनियों ने भारत में निवेश किया है। उन्होंने कहा, ''हम निवेश के लिए और भी अधिक संख्या में कंपनियों का स्वागत करते हैं। कार विनिर्माता किआ मोटर्स जल्द इस क्लब में शामिल होने वाली है।'' मोदी ने कहा कि कारोबारी दौरों को आसान बनाने के लिए पिछले साल अक्टूबर से हमने कोरियाई लोगों को आगमन पर वीजा की सुविधा दी है। उन्होंने कहा, ''हमारी अर्थव्यवस्था का बुनियादी आधार मजबूत है। हम निकट भविष्य में पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं।''

## फेसबुक ब्लॉकचेन-आधारित प्रमाणीकरण की इच्छुक : जकरबग

**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** आप जल्द ही फेसबुक में ब्लॉकचेन-आधारित प्रमाणीकरण से लॉग इन कर सकते हैं। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जकरबर्ग ने यह संकेत दिया है। जकबर्ग ने कहा कि वे फेसबुक लॉग इन को ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से करने के इच्छुक हैं।

# शहर में रहने वाले हर पांच में से एक भारतीय के पास ही टर्म इंश्योरेंस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शहरों में रहने वाले भारतीयों में से 65 पर्सेंट ने लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी है, लेकिन हर पांच में से सिर्फ एक ने टर्म इंश्योरेंस प्लान लिया है। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस और मार्केट रिसर्च फर्म कैंटार आईएमआरबी की स्टडी से यह जानकारी सामने आई है। इसमें बताया गया है कि ओवरऑल इंडिया प्रॉटेक्शन कोशंट (आईपीक्यू) 35 है, जो काफी कम है।




आईपीक्यू से पता चलता है कि जीरो से 100 के बीच कोई शख्स इमर्जेंसी से परिवार को आर्थिक तौर पर कितना सुरक्षित मानता है। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कैंटार आईएमआरबी के साथ मिलकर जो प्रॉपराइटरी टूल डिवेलप किया है, वह लाइफ इंश्योरेंस, भविष्य की अनिश्चितताओं और प्योर प्रॉटेक्शन प्लान की प्रेफरेंस पर आधारित है।


स्टडी में 25-55 साल के 4,566 लोगों को शामिल किया गया था, जो देश के टॉप 15 शहरों में रहते हैं। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के एमडी प्रशांत त्रिपाठी ने बताया, इससे देश में लाइफ इंश्योरेंस को लेकर कुछ दिलचस्प जानकारियां मिलीं।

# रुपे कार्ड बनवाने पर मिलेगा 2 लाख रुपए का इंश्योरेंस, नहीं लगेगा कोई शुल्क

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आज हम रुपे कार्ड के बारे में बताने जा रहे है जिसपर आपको 2 लाख रुपए का इंश्योरेंस मिलता है। जी हां, आप शायद ही ये बात जानते होंगे। दरअसल रुपे कार्ड पैसे निकलवाने के काम ही नहीं आता बल्कि इसपर सरकार द्वारा आपको 2 लाख रुपये का फ्री एक्सीडेंटल इंश्योरेंस भी मिलता है। बड़ी बात ये है कि इसको बनवाने पर आपको शुल्क भी नहीं देना पड़ता। बैंक अकाउंट खुलवाने पर आपको यह मुफ्त में मिलता है। रुपे कार्ड धारक की एक्सीडेंट से मृत्यु होने या स्थायी विकलांग होने पर एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दिया जाता है। इस पॉलिसी के तहत रुपे क्लासिक कॉर्ड होल्डर्स को 1 लाख रुपए के इंश्योरेंस कवर के हकदार हैं जबकि प्लैटिनम कार्ड होल्डर्स को 2 लाख रुपए का इंश्योरेंस कवर मिलता है।

# त्रिवेंद्रम के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के तहखाने में छिपा है एक राज...

केरल के त्रिवेंद्रम शहर में श्री पद्मनाभस्वामी का प्रसिद्ध मंदिर है जिसके तहखाने में खजाने के साथ छिपा है एक अनजाना राज।



## भगवान विष्णु का है मंदिर

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर भारत के केरल राज्य के तिरुअनन्तपुरम में भगवान विष्णु का प्रसिद्ध हिन्दू मंदिर है। यह मंदिर भारत के प्रमुख वैष्णव मंदिरों में शामिल है। इसके साथ ही इस मंदिर का ऐतिहासिक महत?व भी है। पद्मनाभ स्वामी मंदिर विष्णु भक्तों का महत्वपूर्ण आराधना स्थल है। 1733 में इस प्राचीन मंदिर का पुनर्निर्माण त्रावनकोर के महाराजा मार्तंड वर्मा ने करवाया था। इस मंदिर के साथ एक पौराणिक कथा जुडी है, कहते हैं कि इसी स्थान पर विष्णु भगवान की प्रतिमा मिली थी, जिसके बाद यहां मंदिर का निर्माण किया गया था।

## शयन मुद्रा में विराजते हैं भगवान

मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की वही विशाल मूर्ति विराजमान है जिसे देखने के लिए हजारों भक्त दूर दूर से यहां आते हैं। प्रतिमा में भगवान विष्णु शेषनाग पर शयन मुद्रा में विराजमान हैं। इस मंदिर का संबंध तिरुअनंतपुरम के नाम से भी है। स्थानीय लोगों और विष्णु भक्तों का मानना है भगवान के अनंत नामक नाग के नाम पर ही इस शहर का नाम रखा गया है। यहां पर मौजूद भगवान की विश्राम अवस्था को पद्मनाभ कहा जाता है और इसीलिए ये मंदिर पद्मनाभ स्वामी के मंदिर के नाम से विख्यात है।

## अनूठा स्थापत्य

समुद्र तट और हरी भरी पहाड़ियों के बीच बने पद्मनाभ स्वामी मंदिर का स्थापत्य देखते ही बनता है मंदिर के निर्माण में महीन कारीगरी का प्रयोग हुआ है। यह मंदिर पूर्वी किले के अंदर स्थित है और इसका परिसर बहुत विशाल है जिसका अहसास इसका सात मंजिला गोपुरम देखकर हो जाता है।

## तहखाने में छिपा है क्या राज

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के नीचे पांच तहखाने बने हैं। इन तहखानों के अंदर से करीब 22 सौ करोड़ डॉलर का खजाना भी प्राप्त हुआ है। इस खजाने में बहुमूल्य हीरे-जवाहरातों के अलावा सोने का अकूत भंडार और प्राचीन मूर्तियां भी निकलीं। साथ ही हर दरवाजे के पार जाने वाले मंदिर के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के पैनल को प्राचीन स्मृतिचिह्नों के ढेर भी मिले।

# क्रिस गेल बने सबसे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज, शाहिद अफरीदी का भी तोड़ा रिकार्ड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्रिस गेल अगर मैदान पर हो तो रनों की बारिश हो जाती है। पुराने रिकॉर्ड धराशाई हो जाते हैं। क्रिस गेल ने 6 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में उन्होंने 135 रन की शानदार पारी खेली जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। क्रिस गेल की फैन फॉलोइंग भारत में सबसे ज्यादा है।



वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने बुधवार को आईसीसी रैंकिंग में दुनिया की नंबर.1 वनडे टीम इंग्लैंड के गेंदबाजों को हैरान-परेशान कर दिया।

वेस्टइंडीज ने वनडे इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ व अपनी जमीन पर अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया जिस दौरान इंग्लिश गेंदबाजों की जमकर धुलाई हुई। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 360 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर डाला।

# भारतीय महिला टीम को झटका, चोटिल हरमनप्रीत इंग्लैंड सीरीज से बाहर

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय महिला वनडे क्रिकेट टीम की उपकप्तान हरमनप्रीत कौर टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गयी हैं। यह सीरीज मुंबई में खेली जानी है। हरमनप्रीत ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया था लेकिन वह बुधवार को अभ्यास के लिए नहीं उतरीं। टीम में उनकी जगह गेंदबाजी आलराउंडर हरलीन देओल लेंगी जो इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ सोमवार को अभ्यास मैच में बोर्ड अध्यक्ष एकादश टीम की तरफ से खेली थीं।

## आज का राशिफल

मेषः- साहित्य का सर्जन करने के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आपका मन प्रसन्न होगा। मध्याह्न के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा।

वृषभः- आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। संपत्ति के दस्तावेजों के पत्रों पर हस्ताक्षर आज टाल दें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। मध्याह्न के बाद आपके स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुनः- कार्यसफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। शत्रु पराजित होंगे। मध्याह्न के बाद घर में विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ तूतू-मैंमैं हो सकती है और

कर्कः- लंबे समय की योजनाओं के आयोजन के विषय में सोचते-सोचते आप दुविधा में फंसे रहेंगे। परिजनों के साथ वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। निर्धारित कार्यों में विचारों की अपेक्षा कम सफलता मिलेगी।

सिंहः- आजके दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आप प्रत्येक कार्य दृढ़ इच्छाशक्ति से करेंगे। फिर भी क्रोध की भावना अधिक रह सकती है, इसलिए मन शांत रखें। सरकारी कार्यों में लाभ होगा। परिजनों का सहकार अच्छा मिलेगा। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

कन्याः- आज आपका मन कुछ अधिक भावनाशील रहेगा। भावनाओं के प्रवाह में बहकर आप कोई गलत कार्य न कर बैठें। इससे संभलकर रहें। चर्चा और विवाद से दूर रहें। फिर भी किसी के साथ उग्रतापूर्ण व्यवहार हो सकता है।

तुलाः- आजका दिन प्रवास-पर्यटन पर जाने का तथा मित्रों से लाभ मिलने का दिन है। व्यापार के क्षेत्र में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध सुमधुर रहेंगे। परंतु मध्याह्न के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा।

वृश्चिकः- दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से आप प्रत्येक कार्य को आज सरलतापूर्वक पूर्ण करेंगे। व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में भी आपकी बुद्धि-प्रतिभा की प्रशंसा होगी।

धनुः- आपका आजके दिन व्यवहार धार्मिक रहेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहेंगे। गलत काम से दूर रहिएगा। क्रोध पर संयम रखिएगा।

मकरः- आजके दिन संभलकर चलने की जरूरत है। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाही न करें। आकस्मिक व्यय के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें।

कुंभः- आज साधारण सी बातों में दांपत्य जीवन में बात का बतंगड़ बन सकता है। सांसारिक प्रश्नों और विषयों के लिए आप आज उदासीनवृत्ति से व्यवहार करेंगे तो अच्छा रहेगा।

मीनः- आपका मन आज चिंतामुक्त रहेगा। शंका-कुशंकाओं की छाया के कारण प्रफुल्लता का अनुभव नहीं होगा। आपके कार्यों में विघ्न उपस्थित होने से कार्यपूर्ति में विलंब हो सकता है।

# मैकोनी और पास्ता से बनाएं ये टेस्टी स्नैक्स

जब कभी मैक्रोनी, पास्ता या मैगी ज्यादा उबल जाए तो उससे आप तैयार कर सकती है एक दूसरा टेस्टी स्नैक्स और वो है पकौड़े। जानते हैं इसकी क्विक रेसिपी के बारे में।



## सामग्री :-

1 कप मैक्रोनी और पास्ता उबला हुआ, 1/3 कप बेसन, 2 टेबल स्पून चावल का आटा, 2 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 बारीक कटा प्याज, 1 टेबलस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट, द चम्मच हल्दी पाउडर, 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, एक पैकेट मैगी मसाला, हरी धनिया बारीक कटी हुई।

## विधि :-

सबसे पहले मैक्रोनी को एक बाउल में डाल लें और इसमें बारीक कटा प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च, चावल का आटा, बेसन, लाल मिर्च, हरी धनिया, मैगी मसाला और नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। आवश्यकतानुसार पानी डालकर अच्छे से मैश कर लें।

अब हथेलियों पर तेल लगाकर इसके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें। एक तरफ कढ़ाई गर्म होने के लिए रख दें। जब पूरे बॉल्स बन जाएं तो एक-एक कर इन बॉल्स कढ़ाई में डाल इसे फ्राई कर लें। तैयार हैं गरमा गरम पकौड़े। इन्हें हरी धनिया-पुदीने की चटनी के साथ परोसें।

जब कभी भी मैक्रोनी या पास्ता ज्यादा उबल जाएं तो आप इस रेसिपी को बना सकती है। ऐसा मैगी के साथ भी किया जा सकता है।

# शब्द सामर्थ्य-86

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू-86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |